दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 05
अंकः- 245
मुरादाबाद
(Saturday)
27 December 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

पीएम बोले- वीर साहिबजादों ने मजहबी कट्टरता-आतंक का वजूद हिलाया;जेन जी ही देश को आगे ले जाएंगे



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर बाल दिवस के मौके पर बच्चों को संबोधित किया। कार्यक्रम का आयोजन भारत मंडपम में किया गया है। बता दें कि सरकार ने साल 2022 में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने का एलान किया था। इसके बाद हर वर्ष इस दिन कई खास कार्यक्रमों का आयोजन होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीर बाल दिवस के मौके पर नई दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में बच्चों को संबोधित किया। भारत मंडपम में हुए आयोजन से पहले प्रधानमंत्री ने इस वर्ष वीरता पुरस्कार से सम्मानित बच्चों के साथ संवाद भी किया। बच्चों के साथ मुलाकात करने की वीडियो भी सामने आया है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, %आज देश वीर बाल दिवस मना रहा है। अभी वंदे मातरम की सुंदर प्रस्तुति हुई। आज हम उन वीर साहिबजादों को याद कर रहे हैं, जो भारत का गौरव हैं। उन्होंने कहा, वीर साहिबजादे भारत के अदम्य साहस, शौर्य, वीरता की पराकाष्ठा हैं। वीर साहिबजादों ने उम्र और अवस्था की सीमाओं को तोड़ दिया। वे क्रूर मुगल सल्तनत के सामने चट्टान की तरह खड़े हो गए। इससे मजहबी कट्टरता और आतंक का वजूद ही हिल गया। वीर साहिबजादों को छोटी उम्र में उस समय की सबसे बड़ी सत्ता से टकराना पड़ा ¯पीएम मोदी

उन्होंने कहा, वीर साहिबजादों को छोटी सी उम्र में उस समय की सबसे बड़ी सत्ता से टकराना पड़ा। वो लड़ाई भारत के मूल विचारों और मजहबी कट्टरता के बीच थी। वो लड़ाई सत्य बनाम असत्य के बीच थी। उस लड़ाई की एक ओर गुरु गोविंद सिंह जी थे, दूसरी ओर क्रूर औरंगजेब की हुकूमत थी।%उन्होंने कहा कि हमारे साहिबजादे उस समय छोटे ही थे, लेकिन औरंगजेब की क्रूरता को इससे फर्क नहीं पड़ा। वो जानता था कि उसे अगर भारत के लोगों को डराकर उनका धर्मांतरण कराना है तो इसके लिए उसे हिंदुस्तानियों का मनोबल तोड़ना होगा। इसलिए उसने साहिबजादों को निशाना बनाया।

पीएम मोदी ने कहा कि भले ही पूरी मुगलिया बादशाहत उनके पीछे लग गई, लेकिन चारों साहिबजादों में से एक को भी डिगा नहीं पाई। साहिबजादा अजीत सिंह जी के शब्द आज भी उनके हौसले की कहानी कहते हैं। अजीत सिंह जी ने कहा था कि नाम का अजीत हूं, जीता न जाऊंगा, जीता भी गया तो जीता न आऊंगा।गुलामी की मानसिकता से देश को आजाद नहीं होने दिया गया ¯पीएम मोदी

उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही हमने गुरु तेगबहादुर को उनके 350वें बलिदान दिवस पर याद किया था। जिन साहिबजादों के पास गुरु तेगबहादुर जी के बलिदान की प्रेरणा हो, वो मुगल अत्याचारों से डर जाएंगे, ये सोचना ही गलत था। साहिबजादों के बलिदान की गाथा देश में जन-जन की जुबान पर होनी चाहिए थी। दुर्भाग्य से आजादी के बाद भी देश में गुलामी की मानसिकता हावी रही। इस गुलामी का बीज अंग्रेज राजनेता मैकाले ने 1835 में बोया था। उस मानसिकता से देश को आजादी के बाद भी मुक्त होने नहीं दिया गया।

उन्होंने आगे कहा कि आजादी के बाद भी देश में ऐसी सच्चाईयों को दबाने की कोशिश की गई। अब भारत ने तय किया है कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति पानी ही होगी। अब हम भारतियों के बलिदान और शौर्य की स्मृतियां दबेंगी नहीं। अब देश के नायक-नायिकाओं को हाशिये पर नहीं रखा जाएगा, और इसलिए वीर बाल दिवस को हम पूरे मनोभाव से मना रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से मुक्त होते हमारे देश में, भाषाई विविधता हमारी ताकत बन रही है।पीएम मोदी ने कहा, %जिस राष्ट्र के पास ऐसा गौरवशाली अतीत हो, जिसकी युवा पीढ़ी को ऐसी प्रेरणाएं विरासत में मिली हों, वो राष्ट्र क्या कुछ नहीं कर सकता है। जब भी 26 दिसंबर का दिन आता है, मुझे ये तसल्ली होती है कि हमारी केंद्र सरकार ने साहिबजादों की वीरता से प्रेरित होकर वीर बाल दिवस मनाना शुरू किया।% जेन-जी और जेन अल्फा ही विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जाएंगे ¯पीएम मोदी- पीएम मोदी ने जेन-ं और जेन-अल्फा को संबोधित करते हुए कहा, आपकी जेनरेशन ही भारत को विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जाएगी। मैं जेन-ं की योग्यता, आपका आत्मविश्वास देखता हूं, समझता हूं और इसलिए आप पर बहुत भरोसा करता हूं। उन्होंने कहा, पहले युवा सपने देखने से भी डरते थे, क्योंकि पुरानी व्यवस्थाओं में ये माहौल बन गया था कि कुछ अच्छा हो ही नहीं सकता। चारों ओर निराशा का वातावरण था। लेकिन आज देश प्रतिभा को खोजता है, उन्हें मंच देता है।%उन्होंने कहा, %डिजिटल इंडिया की सफलता के कारण आपके पास इंटरनेट की ताकत है, आपके पास सीखने का संसाधन है। जो साइंस, टेक या स्टार्टअप्स में आगे जाना चाहते हैं तो उनके लिए स्टार्टअप इंडिया मिशन है। ऐसे तमाम मंच आपको आगे बढ़ाने के लिए हैं। आपको बस फोकस रहना है और इसके लिए जरूरी है कि आप शॉर्ट टर्म पॉपुलैरिटी की चमक-धमक में न फंसे। आपको अपनी सफलता को केवल अपने तक सीमित नहीं मानना है। आपका लक्ष्य होना चाहिए, आपकी सफलता देश की सफलता बननी चाहिए। साहसी और प्रतिभावान बच्चों को मिला मंच ¯पीएम मोदी- उन्होंने कहा कि बीते चार वर्षों में वीर बाल दिवस की नई परंपरा ने साहिबजादों की प्रेरणाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाया है। वीर बाल दिवस ने साहसी और प्रतिभावान बच्चों के निर्माण के लिए एक मंच तैयार किया है। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों से आए 20 बच्चों को ये पुरस्कार दिए गए हैं। उन्होंने पुरस्कार जीतने वाले बच्चों से कहा कि आपका ये सम्मान आपके लिए तो है ही, ये आपके माता-पिता का, आपका टीचर और मेंटर्स का भी सम्मान है। पीएम मोदी ने एक-एक बच्चे के साथ वक्त गुजारा और उनके शौर्य और पराक्रम की सराहना की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सत्यनिष्ठा के प्रतीक गुरु गोविंद सिंह आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करते रहेंगे। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि हर वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल वीर पुरस्कारों के लिए आवेदन की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जब हम इन बच्चों की उपलब्धियां देखते हैं तो मन गर्व से भर उठता है। भविष्य के प्रति हमारा विश्वास और मजबूत होता है। उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल वीर पुरस्कार से सम्मानित बच्चों से कहा कि यह पुरस्कार आपके सपनों, संघर्षों और उपलब्धियों की पहचान है। जो लाखों बच्चों को प्रेरित करेगा।

संक्षिप्त समाचार

मथुरा-वृंदावन में होटल और गेस्ट हाउस फुल, उमड़ने लगी भीड़; बाहरी वाहनों के प्रवेश पर रोक

मथुरा में नववर्ष को लेकर पुलिस-प्रशासन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। यातायात से लेकर भीड़ प्रबंधन तक, हर इंतजाम पुख्ता होंगे। नए साल से पहले पांच लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई है। नए साल पर ठाकुर श्रीबांकेबिहारी मंदिर में भीड़ उमड़ती है। इसके लिए जहां एक ओर पुलिस प्रशासन सुरक्षा के इंतजाम करता है तो वहीं श्रद्धालु भी एक दिन पहले ही डेरा डाल लेते हैं। इसके लिए श्रद्धालु होटलों की पहले से बुकिंग करा लेते हैं। वृंदावन के कई प्रमुख होटल और गेस्ट हाउस में नए साल पर कमरे उपलब्ध नहीं हैं। लोगों ने पहले से ही एडवांस बुकिंग करा ली हैं। वहीं श्रद्धालुओं को छोटे गेस्ट हाउस और होम स्टे से ही उम्मीद है।नए साल पर ठाकुर श्री बांकेबिहारी के दर्शन के लिए वृंदावन में लाखों श्रद्धालु हर साल उमड़ते हैं। लेकिन सेवायतों को वर्तमान भीड़ देखकर लगता है कि इस बार पांच लाख से अधिक लोग नए साल पर दर्शन के लिए आ सकते हैं। दिल्ली, पंजाब, राजस्थान और हरियाणा के लोगों ने सर्वाधिक बुकिंग कराई है। ठाकुर श्री बांकेबिहारी मंदिर के साथ साथ इस्कॉन मंदिर, श्रीराधाबल्लभ मंदिर और श्री राधारमण मंदिर भी लोगों की भीड़ उमड़ती है। वहीं संत प्रेमानंद के दर्शन के लिए श्रद्धालु बेताब हो रहे हैं। नए साल पर श्रद्धालु उनके भी दर्शन की आस लगाए हुए हैं। इसलिए लोगों ने होटलों और गेस्ट हाउस बुक कर लिए हैं।

पीएम मोदी ने सुनी देशभर के सिखों की आवाज..., सीएम योगी बोले- 26 दिसंबर को घोषित किया वीर बाल दिवस

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने देशभर के सिखों की आवाज सुनी। उनका सम्मान करते हुए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस घोषित किया।

राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के सिखों की आवाज सुनी। उनके समर्पण का सम्मान करते हुए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस घोषित किया। इसे पूरे देश में एक राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है।

राज्यपाल ने गणपति सच्चिदानंद आश्रम का किया उद्घाटन, बोलीं- भगवान दत्तात्रेय के जीवन से लें प्रेरणा

रामनगरी में राज्यपाल ने गणपति सच्चिदानंद आश्रम की शाखा का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने सभी लोगों से भगवान दत्तात्रेय के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।राज्यपाल आनंदी बेन पटेल शुक्रवार को अयोध्या पहुंची। यहां वह श्रीराम मंत्रार्थ मंडपम में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुईं। गणपति सच्चिदानंद आश्रम की स्थानीय शाखा का उद्घाटन किया। उन्होंने स्वामी गणपति सच्चिदानंद से जुड़ा एक प्रेरक प्रसंग सुनाया। लोगों से भगवान दत्तात्रेय के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि हमारी वैदिक परंपराएं वसुधैव कुटुंबकम का सन्देश देती हैं। संसार की सबसे बड़ी सेवा मानव सेवा है। सबसे बड़ी साधना प्रकृति का संरक्षण है। इस दौरान महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी सहित मैसूर व अन्य इलाकों से आए हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

पूर्व पीएम को राहुल गांधी समेत कृतज्ञ राष्ट्र ने दी श्रद्धांजलि

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की आज पहली पुण्यतिथि है। इस मौके पर राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। जानें किसने क्या कहा? पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की आज पहली पुण्यतिथि है। इस मौके पर राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी विनम्रता, ईमानदारी और विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।पूर्व प्रधानमंत्री ने आर्थिक पथ को नया रूप दिया - खरगे- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पूर्व प्रधानमंत्री को एक परिवर्तनकारी नेता बताया। खरगे ने कहा कि उन्होंने देश के आर्थिक पथ को नया रूप दिया और आर्थिक सुधारों के माध्यम से लाखों लोगों के लिए अवसरों का विस्तार किया। इसके साथ ही लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। उन्होंने कहा, अपनी विनम्रता, ईमानदारी और बुद्धिमत्ता के लिए जाने जाने वाले, उन्होंने गरिमा और करुणा के साथ नेतृत्व किया, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रगति समावेशी बनी रहे और कल्याणकारी लाभ सबसे जरूरतमंद लोगों तक पहुंचें। अधिकार-आधारित प्रतिमान इसी दृष्टिकोण का प्रमाण है। हमने उनके दृष्टिकोण के तहत एक मजबूत भारत का निर्माण किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने एक्स पर लिखा, हम एक ऐसे राजनेता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिनकी ईमानदार सार्वजनिक सेवा और स्थायी सुधारों की विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने भारत को आर्थिक रूप से सशक्त किया - राहुल गांधी राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। अपने दूरदर्शी नेतृत्व से उन्होंने भारत को आर्थिक रूप से सशक्त किया। देश के वंचितों और गरीबों के लिए उनके ऐतिहासिक प्रयासों और साहसिक निर्णयों ने भारत को विश्व मंच पर एक नई पहचान दिलाई। उनकी विनम्रता, कर्मठता और ईमानदारी हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगी। वहीं, प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, मनमोहन सिंह जी समानता के प्रबल समर्थक, एक सशक्त, साहसी और गरिमामय व्यक्तित्व थे, जो राष्ट्र की प्रगति के लिए पूरी तरह समर्पित थे। उनकी सादगी, ईमानदारी और देश के प्रति समर्पण हम सभी को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। इसके साथ ही असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। सरमा ने कहा कि राष्ट्र कांग्रेस नेता के योगदान को याद रखेगा, जो एक अर्थशास्त्री के रूप में प्रसिद्ध थे। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी की पहली पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर रहा हूं। ममुख्यमंत्री ने आगे कहा, राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। पिछले साल 92 वर्ष की आयु में निधन हुए सिंह, 1991 से असम से राज्यसभा के लिए पांच बार चुने गए थे, जिसमें प्रधानमंत्री के रूप में उनका दस साल का कार्यकाल भी शामिल है।

भारतीय विज्ञान सम्मेलन में बोले संघ प्रमुख मोहन भागवत- विज्ञान और धर्म में कोई टकराव नहीं

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने आंध्र प्रदेश के तिरुपति में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन किए। इसके बाद वे राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित चार दिवसीय भारतीय विज्ञान सम्मेलन-2025 में पहुंचे, वहां उन्होंने कहा कि विज्ञान और धर्म में कोई टकराव नहीं है, दोनों अलग-अलग मार्गों से सत्य की खोज करते हैं।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत इन दिनों आंध्र प्रदेश के तिरुपति में हैं। शुक्रवार को उन्होंने विश्व प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा-अर्चना की। वहीं मंदिर पहुंचने पर तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।अधिकारी ने दी जानकारी- दर्शन के बाद, मंदिर के पुजारियों ने रंगनायका मंडपम में मोहन भागवत को रेशमी वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और भगवान का प्रसाद प्रदान दिया। इसको लेकर तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के एक अधिकारी ने कहा, भागवत ने भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए और दर्शन के लिए ले जाने से पहले टीटीडी अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। बता दें कि टीटीडी तिरुपति में श्री वेंकटेश्वर मंदिर का आधिकारिक संरक्षक है, जो दुनिया के सबसे अमीर हिंदू मंदिर में से एक है। भारतीय विज्ञान सम्मेलन में हुए शामिल- इसके बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत वहां से रवाना हुए। वे शुक्रवार से तिरुपति में राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले चार दिवसीय भारतीय विज्ञान सम्मेलन में शामिल होने के लिए पहुंचे। यह कार्यक्रम 29 दिसंबर को समाप्त होगा। कार्यक्रम में क्या बोले आरएसएस प्रमुख- कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को विज्ञान और धर्म के अंतर्संबंधों पर अपने विचार साझा किए। भारतीय विज्ञान सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विज्ञान और धर्म के बीच कोई टकराव नहीं है, क्योंकि दोनों ही अलग-अलग रास्तों से एक ही सच्चाई की तलाश करते हैं। उन्होंने कहा धर्म को अक्सर गलत समझा जाता है, जबकि यह असल में सृष्टि के कामकाज को नियंत्रित करने वाला विज्ञान% है। उन्होंने कहा % धर्म कोई संप्रदाय नहीं है। यह वह कानून है जिससे सृष्टि चलती है। चाहे कोई इसे माने या न माने, कोई भी इसके दायरे से बाहर रहकर कार्य नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी कहा धर्म में असंतुलन पैदा होना विनाश की ओर ले जाता है। विज्ञान और धर्म के बीच कोई टकराव नहीं- उन्होंने कहा कि विज्ञान ने ऐतिहासिक रूप से धर्म से दूरी बनाए रखी, क्योंकि यह माना जाता था

संपादकीय Editorial

Yunus's role itself is questionable.

India provided Bangladesh with two packages of ?120 crore each in 2024 and 2025. The 'Line of Credit' provided 25% of the loan at very affordable interest rates. India supplies 60% of Bangladesh's onions, 78% of its spices, 65% of its rice, 19% of its chemical products, and approximately 20% of its electricity. Dhaka's textile industry depends on India's generosity. India has the highest demand for medical visas in Bangladesh. People there experience India's superior medical facilities. If India were to stop these supplies given the current situation, could Bangladesh survive? Wouldn't a food crisis arise in Bangladesh and it plunge into darkness? India has also been sharing river water and other resources with Bangladesh. The surrender of 93,000 Pakistani soldiers in the December 1971 war is a half-truth. India also sacrificed 3,864 of its brave soldiers and officers in the war for Bangladesh's liberation and independence. Nearly 1 million sisters, daughters, and mothers were raped during that period. No definitive figures are available on the number of killings. An ugly truth has come to light about Bangladesh's Chief Advisor (indirectly Prime Minister), Muhammad Yunus, who donated $300,000 (approximately ?2.5 crore) to the Hillary Clinton Foundation in 2016. Yunus was awarded the Nobel Peace Prize thanks to the United States' support. His "Grameen Bank for the Poor" was widely discussed worldwide, but later the truth was revealed: to whom was the money looted from the poor, fishermen, and farmers being donated? Yunus even faced jail time. He also faced the displeasure of then-President Trump. Trump is still the US President, so the alleged corrupt collusion, collusion, and dealings between Hillary and Yunus are being investigated. Yunus was installed in Bangladesh during the tenure of US President Joe Biden. Biden, too, was a president of Clinton's Democratic Party. However, the Clinton family is now irrelevant in American politics and administration, so no one in the US is currently supporting Yunus. The interim government led by Yunus has been in place since August 8, 2024, despite the Bangladesh Constitution's lack of such a provision. Why has no intellectual or nationalist citizen in Bangladesh challenged this arrangement in court? The Constitution only provides that the caretaker government must hold elections within three months so that a mandated, democratic government can take over the country. Today, Bangladesh is experiencing a period of anarchy, violence, communalism, and murders, and Yunus is the "villain" for inciting radical groups. Convicted terrorists have been released from jail. Yunus doesn't even want to control the anti-India, anti-Hindu mobs on the streets. He is working on a plan to postpone the elections. During his tenure, Yunus has created such chaotic and murderous conditions, especially for the 13 million minority Hindus, that Hindus are condemned to live in fear and terror. Given the brutality and barbarity with which Hindus have been murdered and the continued aggressive propaganda against India, the Indian government should immediately cut off supplies to Bangladesh and issue a decisive warning to the interim government. The Modi government should intervene immediately, as both justice and humanity are burning in Bangladesh. Yunus has met with Pakistani Prime Minister Shahbaz Sharif twice in a year. He has become a pawn of Pakistan's "military dictator," Munir. Leading young leaders of those who overthrew Prime Minister Sheikh Hasina through a student movement are suddenly being assassinated. This situation is not in the best interest not only of India but of the entire democratic world. Repeated reports are coming in of violence.

Bangladeshi Hindus face a major threat, India must remain alert.

This is why musical instruments were destroyed during the recent attack on the cultural center Chhayanat. As anti-India sentiment grows in Bangladesh, so too does the crisis for Hindus. If radical elements become partners in the new government in Bangladesh, life will become even more difficult for Hindus and other minorities there. Attack on Cultural Center Chhayanat, Musical Instruments Destroyed; Growing Anti-India Sentiment Deepens Crisis for Hindus; Life for Minorities Made Difficult by Radical Elements The brutal murder of Hindu youth Dipu Chandra Das in Bangladesh's Mymensingh district is not the only incident that highlights the plight and emerging threat facing Hindus in this country. They have been under constant threat, and this threat appears to be increasing. It is not as if the overthrow of the Sheikh Hasina government in August last year only brought disaster to Hindus and other minorities there. The truth is that Hindus in Pakistan and then Bangladesh have never been able to live in peace since the partition of India. At the time of India's partition, East Pakistan, today's Bangladesh, had a disproportionately large population of Hindus, and especially Dalit Hindus, thanks to the Dalit leader Jogendra Nath Mandal. He supported Jinnah's Muslim League, believing that Dalits would be more secure and empowered in the newly formed country. He had considerable influence in East Pakistan. Mandal became Pakistan's Law Minister, but with Jinnah's death, the neglect and persecution of Hindus continued. Mandal resigned and quietly returned to Calcutta, but the Hindus who remained behind were deceived by his assurances. The persecution of Hindus continued in both parts of Pakistan. The exodus of Hindus from East Pakistan to India has never ceased. When East Pakistan was fighting for its independence, the majority of the population migrating from there was Hindu. After East Pakistan became Bangladesh, Hindus and other minorities found some solace, but their persecution did not abate in this newly formed country. Radical elements continue to target them from time to time. The Enemy Property Act also played a role in this. Under the guise of this law, it was easy to seize minority lands. This law was enacted by Pakistan, but it remained in force even after the formation of Bangladesh. Millions of acres of land belonging to Hindus and Buddhists have been seized because of this law. Anti-social elements use fake documents to declare their property as enemy property and seize it. Millions of cases related to minority lands, especially Hindu lands, are pending in the courts. Although the Sheikh Hasina government amended this law, they proved insufficient. It is believed that Hindus and other minorities felt safe under Sheikh Hasina's government, but this is only true to a certain extent. Hindus faced persecution even during her rule, though to a lesser extent than during Khaleda Zia's rule. Consequently, the exodus of Hindus from there never stopped. Wealthy Hindus continued to migrate abroad, while the poor continued to flee to India. Sheikh Hasina used to control radical groups like Jamaat-e-Islami, which persecuted minorities, and jihadist elements. After the overthrow of her government, such elements have become uncontrollable, leading to increased repression over the past 16 months. The ideology of political groups like the NCP and Inquilab Manch, a new student party formed after the coup, is close to that of Jamaat-e-Islami. The recently assassinated student leader Osman Hadi belonged to Inquilab Manch and was staunchly anti-India. The current situation in Bangladesh appears as dangerous as it was after the overthrow of Sheikh Hasina's government. Hindus were subjected to massive attacks during that period, with their homes, shops, and temples targeted. At that time, the head of the interim government, Mohammad Yunus, made assurances to protect minorities, and continues to do so now, but these assurances are proving hollow. It's true that Bangladesh isn't like Pakistan at the moment, but there's a danger of it becoming one. First, there's a referendum on constitutional amendments scheduled for February, and second, there are growing voices of those who want to make Bangladesh a fully Islamic country. Some are demanding the implementation of Sharia. In recent years, the number of jihadist elements in Bangladesh has increased, and those supporting terrorist groups like Al Qaeda and the Islamic State have grown rapidly. Instead of reining in these elements, Mohammad Yunus's government released them from jail. In doing so, they released the genie of fanaticism that Sheikh Hasina had been trying to keep under control. Consequently, even the remaining secular values ??there are under threat. Women are being forced to wear burqas, and singing and playing music are being declared haram. This is why musical instruments were destroyed during the recent attack on the cultural center Chhayanat. As anti-India sentiment grows in Bangladesh, so too is the crisis for Hindus. If radical elements become partners in the new government to be formed in Bangladesh, life will become more difficult for Hindus and other minorities there.

Waiting for Necessary Electoral Reforms, Limited to the SIR Process Is Disappointing

The Election Commission should lead electoral reforms. Strict laws to exclude criminals from elections are not impossible. Comprehensive electoral reforms are the aspiration of the entire country. Fair elections are the soul of democracy. Money power and the mafia are involved in elections. The pace of electoral reforms is slow. All the functions of parliamentary democracy are mediated by party politics. Fair elections are the soul of democracy. The success of democracy depends on party politics. An ideal electoral process forms the executive and legislature. People elect their representatives through this electoral process, but money power and the mafia are also involved in elections. Therefore, elections are not conducted in an ideal manner. Conducting fair elections is the Election Commission's constitutional duty (Article 324). The Commission is also responsible for preparing voter lists and conducting elections. A Special Intensive Revision (SIR) campaign is underway to ensure that all voters are included in the electoral rolls, but the opposition is unnecessarily accusing it of vote theft. The opposition and its leaders contested two seats in an election conducted under the Election Commission. Had there been vote fraud, the opposition would not have won such a large number of seats. The last session of Parliament did debate electoral reforms, but it did not focus on actual reforms. The focus remained on the SIR. It should be understood that the pace of electoral reforms is slow. The Model Code of Conduct was enacted in 1967. Adherence to the code is everyone's duty, but most parties violate it during election campaigns. In a democracy, the people choose their destiny, but the election process has become a game of gaining power through muscle and money. Political parties are the main players in this game.

Parties spend crores of rupees on their regular operations, but do not build organizations based on ideology and workers. As elections approach, the search for a winning candidate begins. Money power is misused. Expensive rallies, hotels, vehicles, and hundreds of chartered planes and helicopters are astonishing. Where does this money come from? Most parties use the mafia and money power in elections. They give tickets to the mafia. Most parties also bet on strongmen, not just wealthy candidates. Healthy party democracy has not developed in our country. Many parties have lifelong or hereditary national presidents. There should be legal provisions for the Election Commission to conduct organizational elections for all parties. Candidate panels should also be developed from local committees and districts. How can we expect electoral reforms from parties that fail to foster democracy, fail to disclose complete income and expenditure statements, and field mafia/money-wielding candidates for electoral victory? Now, in the event of a mafia leader's death, his wife or son becomes a candidate. The candidate selection process needs to be reconsidered. The Vohra Committee (1993) expressed serious concern about the infiltration of criminals into parliamentary institutions. It is essential to address the influence of black money and the mafia's hold on elections. Ultimately, why are electoral reforms not seriously considered? The malpractices of party politics prevent qualified and thoughtful workers from obtaining party tickets. Elections are marked by reckless expenditure. Even spending ten or twenty times the prescribed expenditure limit is insufficient. The debate over government funding of election expenses is an old one. The Dinesh Goswami Committee (1990) made similar recommendations. The Election Commission held cross-party consultations in 2006 to ensure fair elections, but no concrete initiatives were taken on electoral reforms. One suggestion was to restrict candidates and parties from incurring additional expenses and arrange elections at public expense. The Chief Election Commissioner considered this unfeasible. The governments of England, Ireland, Australia, New Zealand, and Canada provide limited election expenses. In the United States, election expenses are borne solely by the private sector. Much work remains to be done to curb the criminalization of politics. How can we expect anything from those who win elections through money, muscle, and corruption? The mafia wins. Voters are afraid. Capitalists are winnable. They buy support. Pandit Deendayal Upadhyaya wrote in his Political Diary (page 146), "Parties in India have only one consideration: a candidate who can win elections." He appealed to all parties to give tickets only to honest party workers. If the candidate is not an ideal worker, do not vote for him. The framers of the Constitution were wary of future electoral corruption and its consequences. In the Assembly (16.6.1949), Hridaynath Kunzru expressed his fear that a flawed electoral system would poison democracy. K.M. Munshi said, "The people of India should have the right to choose their representatives through a healthy system, free from doubt and bias." The proposer, Dr. B.R. Ambedkar, said, "The right to vote is the lifeblood of democracy." The Constituent Assembly debated at length on a fair electoral process. They established the Election Commission as a constitutional body, but electoral rigging began right from the first general election (1952). The framers of the Constitution proved correct. Accusations of rigging were leveled against prominent figures, including Prime Minister Indira Gandhi. In a country where even a Prime Minister was found guilty of electoral malpractice and dismissed from the House, it is natural to be disappointed with the slow pace of electoral reforms. Why is the pace of comprehensive consideration of electoral reforms so slow? When many countries around the world are committed to creating and implementing fair electoral systems, If we have been successful in implementing it, why doesn't India take credit for being the world's largest democracy and developing an ideal electoral system? The Election Commission should lead electoral reforms. Strict laws to keep criminals out of elections are not impossible. Comprehensive electoral reforms are the aspiration of the entire country.

31 दिसंबर तक करदाता लेट फीस के साथ भर सकते हैं आयकर रिटर्न

मुरादाबाद । जिले में ऐसे बहुत सारे करदाता है जिन्होंने कर निर्धारण वर्ष 2025-2026 का आयकर रिटर्न अभी तक नहीं भरा है। ऐसे करदाता 31 दिसंबर तक लेट फीस के साथ अपना आयकर रिटर्न भर सकते हैं। टैक्स व जीएसटी मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता गौरव गुप्ता ने बताया कि यदि करदाता नये टैक्स स्लैब से आयकर रिटर्न भरते है तथा करदाता की आय तीन लाख तक है तो उसे कोई लेट फीस नहीं देनी है। यदि करदाता की आय तीन लाख से अधिक तथा पांच लाख से कम है तो एक हजार की लेट फीस देनी होगी। यदि करदाता की आय पांच लाख से अधिक है तो उसे पांच हजार की लेट फीस देनी होगी। ऐसे करदाता जिनकी आय कर योग्य सीमा से अधिक है तथा उन्होंने अभी तक आयकर रिटर्न नहीं भरा है उन्हें लेट फीस तथा ब्याज भी देना होगा। आयकर रिटर्न जितनी देर से फाइल किया जाएगा, उतना ही अधिक ब्याज भी देना होगा। उसके बाद ही आयकर रिटर्न फाइल होगी। उन्होंने बताया कि ऐसे करदाता जिनका टीडीएस कट गया है मगर वह आयकर रिटर्न नहीं भर पाये हैं, ऐसे करदाता 31 दिसंबर 2025 तक आयकर रिटर्न भर कर अपना रिफंड प्राप्त कर सकते है। यदि कर निर्धारण वर्ष 2025-2026 का आयकर रिटर्न 31 दिसंबर तक नहीं भरा जाता है तो करदाता को आयकर रिफंड नहीं मिलेगा। कर निर्धारण वर्ष 2025-2026 का आयकर रिटर्न भरने से पूर्व करदाता को अपना फॉर्म 26 एएस तथा एआईएस अवश्य चेक कर लेना चाहिए तथा उसके बाद ही अपनी आयकर विवरणी फाइल करनी चाहिए।

इंस्टाग्राम पर सारिक की युवती से दोस्ती, तैयार कर दी अश्लील वीडियो, वायरल की धमकी दे की छेड़खानी

मुरादाबाद । अगवानपुर इलाके की रहने वाले युवती से सारिक ने दोस्ती की। आरोप है कि उसने युवती की इंस्टाग्राम आईडी हैक पर फोटो और वीडियो चोरी कर लिए। इसके बाद एडिट कर उन्हें अश्लील बना दिया। अब वह वायरल करने की धमकी दे रहा है। सिविल लाइंस क्षेत्र में रहने वाली एक युवती से युवक ने दोस्ती कर ली। आरोपी ने युवती की आईडी हैक कर ली और पीड़िता के फोटो व वीडियो चोरी कर लिए, जिन्हें एडिट कर अश्लील बना लिया। इस वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर आरोपी ने पीड़िता के साथ छेड़खानी की।पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

पीड़ित युवती ने दर्ज कराई प्राथमिकी में बताया कि वह ऑनलाइन कंपनी में नौकरी करती थी, तभी उसकी पहचान इंस्टाग्राम के जरिए कांठ के बेगमपुरा निवासी सारिक से हो गई थी। इसके बाद आरोपी से उसके प्रेम संबंध हो गए थे।आरोपी ने पीड़िता की इंस्टाग्राम आईडी हैक कर ली। उसके फोटो और वीडियो चोरी कर लिए। इन फोटो और वीडियो को एडिट कर उन्हें अश्लील बना लिया। आरोप है कि पांच जून 2025 को युवक ने फोटो और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल की धमकी देकर छेड़खानी की। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने शादी करने का झांसा देकर शांत कर दिया लेकिन मंगलवार को उसने शादी करने से साफ मना कर दिया। सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

संक्षिप्त समाचार

सबसे ठंडा बड़ा दिन... तापमान 17.8, दो दिन का अलर्ट, मुरादाबाद में कक्षा आठ तक के स्कूल बंद

मुरादाबाद में लगातार कोहरा छाए रहने के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। छह वर्षों बाद 25 दिसंबर को दिन का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। उधर, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। छह वर्ष बाद 25 दिसंबर को दिन का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया। 2020 से 2024 तक ऐसा नहीं हुआ। अधिकतम तापमान 17.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जोकि सामान्य से 2.6 डिग्री कम रहा। इससे पहले 25 दिसंबर 2019 को दिन का तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।दिन के समय धूप न निकलने से ठंड का अहसास बना रहा। वहीं 25 दिसंबर की सुबह न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री अधिक रहा। सुबह 8:30 बजे आर्द्रता 88 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि शाम 5:30 बजे यह 75 प्रतिशत रही।अधिक नमी के कारण सुबह के समय कोहरा और गलन महसूस की गई। आने वाले दो दिनों में मौसम विभाग ने घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। धूप न निकलने की आशंका जताई गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अधिक आर्द्रता और कम तापमान के चलते आने वाले दिनों में कोहरा छाने की संभावना बनी रहेगी।मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह के मुताबिक सात दिन के पूर्वानुमान के अनुसार 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक क्षेत्र में ठंड और कोहरे का प्रकोप बना रहेगा। इस अवधि में न्यूनतम तापमान 9 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है, जबकि अधिकतम तापमान 17 से 19 डिग्री सेल्सियस तक ही पहुंच पाएगा। अधिकांश दिनों में घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है। 27 दिसंबर को बहुत घना कोहरा रहने की चेतावनी दी गई है।नर्सरी से कक्षा आठ तक के स्कूल आज बंद रहेंगे शीतलहर के बीच बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत जिले में आठवीं बंद के स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। डीएम अनुज सिंह के निर्देशों पर बीएसए विमलेश कुमार ने यह आदेश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि शीतलहर के कारण कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के सभी बोर्ड के परिषदीय, माध्यमिक, राजकीय, सहायता प्राप्त विद्यालयों में 26 दिसंबर को अवकाश रहेगा।



प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि ठंड इसी तरह रही तो 27 दिसंबर को भी अवकाश घोषित किया जा सकता है। नवीं से 12वीं तक के सभी स्कूल और उच्च शिक्षा संस्थान अपने समय पर खुलेंगे। फसलों पर यह होगा प्रभाव - पंतनगर विश्वविद्यालय के एक कृषि वैज्ञानिक के मुताबिक मौसम का यह मिजाज रबी फसलों के लिए मिला-जुला प्रभाव लेकर आया है। गेहूं और सरसों की फसलों को ठंड से लाभ मिल सकता है, जिससे उनकी बढ़वार बेहतर हो सकती है। हालांकि, अधिक नमी और कोहरे के कारण फंगल रोग लगने की आशंका बढ़ जाती है, खासकर गेहूं और सब्जियों में। आलू, मटर और हरी सब्जियों की फसलों में पाले और नमी से नुकसान का खतरा बना हुआ है। कृषि विशेषज्ञ ने किसानों को सलाह दी है कि वे खेतों में जलभराव न होने दें।कोहरे में 17 ट्रेनें लेट, हर दिन 250 टिकट रद्द- कोहरे के कारण ट्रेनें समय से नहीं चल पा रही हैं। यात्रियों को स्टेशन पर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। परेशान होकर रोजाना करीब 250 यात्री टिकट रद्द कर रहे हैं। ऑनलाइन निरस्तीकरण कराने वालों की संख्या ज्यादा है। श्रमजीवी, आला हजरत एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें चार से छह घंटे लेट चल रही हैं। बृहस्पतिवार को भी यही स्थिति रही।मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर शाम सात बजे पहुंचने वाली सियालदह एक्सप्रेस रात 10 बजे पहुंची। पंजाब मेल एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे और आला हजरत एक्सप्रेस छह घंटे लेट रही। रेल प्रशासन का कहना है कि कोहरे के कारण सुरक्षा व संरक्षा का ध्यान रखते हुए ट्रेनों की गति कम है। कुछ मंडलों में ब्लॉक भी चल रहे हैं। इन सब के बीच टीम समय पालन सुधारने में लगी है।

रेलवे ने चेताया... नहीं हटे दुकानदार तो चलेगा बुलडोजर, 15 हजार लोगों की आजीविका पर मंडराया खतरा

रेलवे ने स्टेशन रोड की करीब 70 दुकानों पर लाल निशान लगाकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। तय समय पर दुकानें खाली न होने पर बुलडोजर चलाने की चेतावनी दी गई है। रेलवे ने स्टेशन रोड की करीब 70 दुकानों पर लाल निशान लगाने के बाद व्यापारियों को कुछ दिन की मोहलत दी है। विभाग ने कहा है कि यदि व्यापारी नहीं हटे तो पुलिस प्रशासन के सहयोग से दुकानें खाली कराई जाएंगी। रेलवे की जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए बुलडोजर का सहारा भी लिया जा सकता है। इस मामले को लेकर बुधवार को स्टेशन रोड के व्यापारी कलक्ट्रेट और डीआरएम कार्यालय भी पहुंचे थे। डीआरएम से मुलाकात न होने पर उनके प्रतिनिधि को ज्ञापन देकर लौट आए। दुकानदारों की मांग है कि 1971 से दुकानें यहां स्थापित हैं। उस समय यह क्षेत्र इज्जतनगर रेल मंडल में आता था। 2002-2003 तक रेलवे को दिए गए किराये की रसीद दुकानदारों के पास हैं। मुरादाबाद मंडल में आने के बाद कभी किराया जमा नहीं हुआ। रेल की भूमि से दुकानों को हटाने का विवाद 2003 से चल रहा है। एक बार फिर रेलवे ने इन दुकानों पर लाल निशान लगा दिए हैं। इंजीनियरिंग विभाग की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए कार्रवाई करेगी। इसके लिए पुलिस प्रशासन से सहयोग मांगा गया है।

15 हजार लोगों की आजीविका पर खतरा

मुरादाबाद। स्थानीय व्यापारी संजय अरोड़ा, भरत अरोड़ा, अनीस आदि का कहना है कि बस अड्डे के सामने, कटघर में और संभल फाटक वाले पुल के पास 165 दुकानें हैं। इन दुकानों से 15 हजार लोगों को पालन पोषण हो रहा है। यदि रेलवे दुकानें हटाने की कार्रवाई करता है तो लोग सड़क पर आ जाएंगे।

व्यापारियों की मांग है कि उन्हें दूसरे स्थान पर दुकानें बनाकर दी जाएं। वहीं कुछ व्यापारियों का कहना है कि दुकानों का मामला कोर्ट में चल रहा है। बिना फैसला आए दुकानों को हटाने के लिए लाल निशान लगाना गलत है।

कई दुकानों का मामला कोर्ट में चल रहा है। बिना परिणाम के रेलवे द्वारा कार्रवाई की जा रही है। हम अपनी रोजी रोटी बचाने के लिए प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से अपील कर रहे हैं। - **संजय अरोड़ा, व्यापारी**

1971 के बाद से यहां दुकानें स्थापित हैं। रेलवे के पास जमीन का रिकॉर्ड नहीं है और व्यापारियों के पास 2002 के बाद तक इज्जत नगर मंडल में जना किए गए किराये की रसीदें हैं। इस तरह लोगों को हटाना नहीं चाहिए। - **भरत अरोड़ा, व्यापारी**

10 से 15 हजार लोगों का परिवार इन दुकानों से चलता है। हमारे कई साथियों की दुकान पर लाल निशान लगाए गए हैं। इसका हम सभी मिलकर विरोध कर रहे हैं। - **अनीस, व्यापारी**

जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के सामने दुकानदारों ने अपना पक्ष रखा है। जनप्रतिनिधियों की ओर से आश्वासन भी मिला है। उम्मीद है कि समस्या का हल निकलेगा। - **मो. तसलीम, व्यापारी**

दुकानें रेलवे की जमीन पर हैं। नियमानुसार और कानूनी प्रक्रिया के तहत रेलवे की जमीन खाली कराने का प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रशासन व पुलिस के समन्वय से यह कार्य किया जाएगा। - **आदित्य गुप्ता, सीनियर डीसीएम**

एएमयू में ठाकुरद्वारा के पूर्व विधायक के दामाद की हत्या, मुरादाबाद में तलाशे जा रहे सुराग, परिजन स्तब्ध

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में कंप्यूटर शिक्षक और ठाकुरद्वारा के पूर्व विधायक मोहम्मद उल्लाह चौधरी के दामाद राव दानिश अली की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। हमलावरों के बारे में पता करने के लिए मुरादाबाद में भी सुराग तलाशे जा रहे हैं। घटना के बाद परिजन सन्न हैं।

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा विधानसभा के पूर्व विधायक मोहम्मद उल्लाह चौधरी के दामाद एवं कंप्यूटर शिक्षक राव दानिश अली (45) की हत्या क्यों व किसने की यह सवाल 24 घंटे बाद भी अनुत्तरित है। हालांकि, जिस अंदाज में दानिश पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं, उससे साफ है कि दानिश के प्रति बदमाशों के मन में कोई गहरी खुन्नस थी।हत्या की इसी वजह को तलाशने के लिए पुलिस एएमयू से लेकर मुरादाबाद तक के पुराने विवादों में सुराग तलाश रही है। दानिश के छोटे भाई ने अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पूर्व विधायक मोहम्मद उल्ला चौधरी के दामाद राव दानिश अली मूल रूप से बुलंदशहर डिबाई के रहने वाले थे वह वर्तमान में अलीगढ़ के अमीर निशा सिविल लाइंस में रह रहे थे।राव दानिश अली अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के एबीके बॉयज स्कूल में कंप्यूटर शिक्षक थे। बुधवार रात 08.45 बजे वह रोजाना की तरह एएमयू लाइब्रेरी कैंटीन परिसर में अपने साथी इमरान व भोलू संग टहल रहे थे। इस दौरान स्कूटी सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। इस हत्या के संबंध में उनके छोटे भाई एएमयू इंजीनियरिंग कॉलेज के शिक्षक राव फराज अली ने सिविल लाइंस थाने में अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। इधर, रात में पोस्टमार्टम के बाद तड़के शव घर पहुंचा। दिन में परिवार, समर्थकों, परिचितों व एएमयू कर्मियों की भारी भीड़ के बीच शव को एएमयू कब्रिस्तान में दफन किया गया। बता दें कि दानिश की मां एएमयू में शिक्षिका रही हैं। पिता एएमयूकर्मी रहे हैं। सिर में लगीं चार गोलियां एक कंधे के पास बाजू में दो बजे रात से तड़के चार बजे तक चले पोस्टमार्टम में उजागर हुआ है कि चार गोलियां तो दानिश के सिर में ही लगी है। पांचवीं गोली दायें कंधे के पास बाजू में लगी। इनमें से सिर्फ की एक गोली सिर में फंसी मिली है, जिसके लिए शव का एक्सरे भी कराया गया। बाकी सभी गोलियां आरपार निकली हैं। फंसा मिला बुलट .32 बोर का है। इसे संरक्षित कर पुलिस को दे दिया गया है। इससे साफ है कि सिर में ही एक साथ इतनी गोलियां मारने से खुन्नस कितनी होगी। इधर, हत्या की खबर पर ससुराल पक्ष से मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा के पूर्व विधायक उनके ससुर डॉ. मोहम्मद उल्लाह चौधरी का परिवार भी यहां पहुंच गया था।

जनाजे में उमड़ी भीड़, परिवार में कोहराम- सुबह से ही दानिश के घर भीड़ उमड़ रही थी। सियासी, सामाजिक व एएमयू से जुड़े लोग जमा होने लगे थे। दोपहर में अमीर निशा स्थित घर से जनाजा एएमयू कब्रिस्तान के लिए निकला तो इसमें भारी भीड़ शामिल रही। वहीं मां, बाप, भाई के अलावा पत्नी व दो बच्चों शाद व मास का हाल बेहाल था। उन्हें परिवार व मोहल्ले के लोग किसी तरह संभालने का प्रयास कर रहे थे। एएमयू शिक्षक की हत्या को लेकर अभी कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। परिवार ने अज्ञात में रिपोर्ट कराई है। हमारी तीन टीमें खुलासे के लिए हर विवाद पर सुराग तलाश रही हैं। सीसीटीवी से लेकर सर्विलांस व मुखबिरी तक का सहारा लिया जा रहा है। जल्द खुलासा किया जाएगा।- - मृगांक शेखर पाठक, एसपी सिटी

तीन बेटियों के पिता ने बच्ची से की दरिंदगी, सहमी है पीड़िता, पहले भी की ऐसी हरकत.. जेल में था बंद

अगवानपुर में जेल से छूटकर आए दुष्कर्म के आरोपी ने छह साल की बच्ची से की दरिंदगी कर दी। इसकी जानकारी मिलने पर परिजनों ने उसे जमकर पीटा। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया गया है। सिविल लाइंस थानाक्षेत्र के अगवानपुर में बृहस्पतिवार की शाम जमानत पर जेल से छूटे दुष्कर्म के 32 वर्षीय आरोपी छह साल की बच्ची को खंडहर में ले गया और उसके साथ दरिंदगी की। पीड़िता रोते हुए घर पहुंची तो उसकी चाची और परिवार की अन्य महिलाएं घबरा गईं। पूछताछ करने पर बच्ची ने आपबीती सुनाई तो परिजन सन्न रह गए।उन्होंने बाजार में आरोपी को दबोच लिया और उसकी जमकर पिटाई की। पुलिस आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर रही है। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि बृहस्पतिवार की शाम बच्ची अपनी चाची के कहने पर बाजार से पान लेने गई थी। शाम करीब पौने पांच बजे रास्ते में उसे दूर का रिश्तेदार आरोपी मिल गया और बहला फुसलाकर एक खंडहर में ले गया।यहां एक गड्ढे में बच्ची को डाल दिया। बच्ची ने शोर मचाने की कोशिश की तो उसने मुंह दबा दिया। इसके बाद आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद पीड़िता अपने घर पहुंची और चाची व अन्य महिलाओं को बताया कि उसके पेट में दर्द हो रहा है। बच्ची के कपड़े खून से सने थे। पूछताछ करने पर पीड़िता ने आपबीती सुनाई तो परिजन आरोपी की तलाश में जुट गए। उन्होंने आरोपी को बाजार में दबोच लिया और उसकी पिटाई की। इसके बाद पुलिस को सूचना दी है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई संपन्न

हाईवे से 500 मीटर की दूरी पर रहेंगी शराब की दुकानें 9 जिलाअधिकारी

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली । जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि हाईवे से 500 मीटर क्षेत्र में जो भी शराब की दुकानें हैं उन्हें हटवाया जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए कि नवंबर माह में कितनी दुर्घटनाएं हुई हैं तथा उनमें से कितनों का उपचार हुआ है उसकी एक सूची बनाई जाए।

बैठक में निर्देश दिए गए कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार जो भी जिले दुर्घटनाओ की दृष्टि से संवेदनशील हैं वहां पर क्रेन तथा एंबुलेंस की संख्या अधिक से अधिक रखी जाए।

बैठक में निर्देश दिए गए कि पेट्रोल पंप तथा टोल प्लाजा पर ऐसे होर्डिंग तथा बैनर लगाया जाए जिससे कि लोग जागरूक हो सके ।

बैठक में जिला गन्ना अधिकारी को निर्देश दिए गए कि भारी वाहन ट्रैक्टर की ट्रॉली पर ऐसे रिफ्लेक्टर लगाए जाएं जो की रात में दिखाई दे। आर.टी.ओ को निर्देश दिए गए कि हाईवे एवं कट के पास हाई मार्क्स लाइट लगाई जाए जिससे कि लोगों को निकालने में असुविधा न हो। परिवहन अधिकारी तो निर्देश दिये गए कि समस्त डबल डेकर बसों में सुरक्षा के मानक उपलब्ध है या नहीं। इसकी जाँच की जाये। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए कि जिन जगहों पर अभी तक ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन नहीं हो पाया है वहां समय अंतर्गत चिन्हांकन किया जाए ।

बैठक में निर्देश दिए गए कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार सुरक्षा का एक बड़ा कार्यक्रम कराया जाए जिसमें कि लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया जाए।

जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये गए कि समस्त स्कूलों में बच्चों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु चित्रकला प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक आयोजन कराया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भगत सिंह, जिला गन्ना अधिकारी दिलीप कुमार सैनी सहित संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे ।

बरेली में आईसीएआई (सीए) का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजन 27 व 28 दिसंबर 2025 को

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) की बरेली शाखा द्वारा दिनांक 27 एवं 28 दिसंबर, 2025 को E&ecutive Club, बरेली में सीए के तत्वावधान में एक भव्य राष्ट्रीय सम्मेलन संवाद का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी अध्यक्ष रतन गुप्ता ने एक पर्सवार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं प्रतिष्ठित प्रोफेशनल्स सहभागिता करेंगे। इस राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की तेजी से बदलती पेशेवर भूमिका, राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी तथा नव प्रवेशी चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए उभरते नए अवसरों पर गहन एवं सार्थक विमर्श करना है। सम्मेलन के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), फॉरेंसिक ऑडिट, डिजिटल एवं क्लाउड-आधारित तकनीक, ग्लोबल नेटवर्किंग तथा आधुनिक प्रोफेशनल स्किल्स जैसे समसामयिक विषयों पर देश के प्रख्यात वक्ता अपने विचार साझा करेंगे।

इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से पधार रहे सीए कपिल गोयल, सीए पंकज शाह, सीए रुद्र मूर्ति, सीए कपिल वैश्य, सीए राजेन्द्र शाह एवं सीए उत्तम मोदी जैसे प्रतिष्ठित वक्ता अपने अनुभव एवं विशेषज्ञता से प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इसके अलावा बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री मणिकंदन ए. रोहिलखंड विश्वविद्यालय के कुलपतिश्री के. पी. सिंह तथा IVRI के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मेलन की शोभा बढ़ाएंगे।

आईसीएआई बरेली शाखा को पूर्ण विश्वास है कि यह राष्ट्रीय सम्मेलन न केवल चार्टर्ड अकाउंटेंसी पेशे को नई दिशा प्रदान करेगा, बल्कि समाज में बौद्धिक ऊर्जा, सकारात्मक सोच एवं पेशेवर उत्कृष्टता को भी सुदृढ़ करेगा।

प्रेस वार्ता में सम्मेलन अध्यक्ष सीए रतन गुप्ता, शाखा अध्यक्ष सीए अमित टंडन, उपाध्यक्ष सीए नीरज अग्रवाल, सचिव सीए विनीश अरोड़ा, कोषाध्यक्ष सीए गौरव अग्रवाल, कार्यकारिणी समिति के सदस्य सीए सुमित अग्रवाल एवं सीए अंकित मेहरा, तथा मीडिया प्रभारी सीए प्रदीप तिवारी, सीए मनोज मंगल एवं सीए अरविन्द सिंह मौजूद रहे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

नववर्ष पर बिना लाइसेंस मदिरा परोसने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा / शिवपुरी,ब्यूरो। नववर्ष के आगमन को लेकर 31 दिसंबर 2025 एवं 1 जनवरी 2026 को जिले में होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों एवं निजी स्थलों पर आयोजित होने वाली पार्टियों के दौरान बिना वैध लाइसेंस के मदिरा परोसने एवं सेवन पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा। जिला आबकारी अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि बिना लाइसेंस मदिरा परोसी या सेवन कराए जाने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति, संचालक अथवा आयोजनकर्ता के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिला आबकारी अधिकारी ने जिले के समस्त नागरिकों, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा संचालकों एवं पार्टी आयोजकों को सूचित किया है कि यदि किसी निजी स्थल अथवा व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर मदिरा परोसने या सेवन से संबंधित पार्टी का आयोजन किया जाना है, तो उसके लिए कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, शिवपुरी से विधिवत ऑनलाइन आवेदन कर ऑकेशनल लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि लाइसेंस प्राप्त किए बिना किसी भी प्रकार की पार्टी आयोजित किए जाने की सूचना मिलने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति अथवा आयोजनकर्ता की होगी। किसी भी प्रकार की वैधानिक कार्रवाई से बचने के लिए आयोजकों को पार्टी से पूर्व समय रहते आवश्यक लाइसेंस प्राप्त करना सुनिश्चित करना होगा।

निरीक्षण के दौरान बंद मिले छह स्कूल, बीएसए ने रोका स्टाफ का वेतन

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली जिले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न विकास खंडों में निरीक्षण के दौरान अनाधिकृत रूप से बंद पाए गए छह प्राथमिक विद्यालयों के समस्त स्टाफ का वेतन, मानदेय तत्काल प्रभाव से रोक दिया है। यह कार्रवाई 21 नवंबर से 20 दिसंबर के मध्य जिले के विभिन्न अधिकारियों के किए गए आकस्मिक निरीक्षण की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। बीएसए डॉ. विनीता की ओर से जारी आदेश के अनुसार, निरीक्षण के समय स्कूल बंद पाए गए थे, जिसके कारण वहां कार्यरत समस्त स्टाफ का वेतन अगले आदेश तक अवरुद्ध कर दिया गया है।

18 फरवरी से शुरू होंगी मुख्य परीक्षा, इससे पहले सभी तैयारियों का होगा परीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर जिले में तैयारियां तेजी से चल रही हैं। परीक्षा केंद्र निर्धारित हो चुके हैं। 18 फरवरी से मुख्य परीक्षाएं शुरू होंगी। मुख्य परीक्षा शुरू होने से पहले रिहर्सल आयोजित की जाएगी। इसमें 129 परीक्षा केंद्रों पर कुल 92,137 परीक्षार्थी शामिल होंगे। हाईस्कूल में 49,977 और इंटरमीडिएट में 42,158 परीक्षार्थी रिहर्सल में भाग लेंगे। इस परीक्षा का उद्देश्य मुख्य परीक्षा से पहले बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्र और उत्तरपुस्तिकाओं का वितरण, समय प्रबंधन और अनुशासन जैसी सभी प्रक्रियाओं को सही तरीके से देखना है। यह रिहर्सल केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि वास्तविक परीक्षा के अनुसार ही आयोजित की जाएगी। डीआईओएस डा. अजीत कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा की निगरानी और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गए हैं कि सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील हों, विद्युत आपूर्ति निरंतर रहे, खिड़कियों में जाली लगी हो और सभी आवश्यक सुविधाएं समय से पहले पूरी कर ली जाएं। रिहर्सल परीक्षा के दौरान जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की जाएगी, जो केंद्रों का निरीक्षण करेंगे और किसी भी कमी को तत्काल दुरुस्त कराएंगे। इसके अलावा, परीक्षा प्रक्रिया की पूरी वीडियो रिकार्डिंग अनिवार्य रूप से की जाएगी और बोर्ड को भेजी जाएगी। यह रिहर्सल परीक्षा मुख्य परीक्षा से पहले सभी व्यवस्थाओं की जांच करने और संभावित खामियों को सुधारने का महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

बरेली मे आज गुरु गोविंद सिंह जयंती पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। उत्तर प्रदेश शासन ने वर्ष 2025 के घोषित सार्वजनिक अवकाशों की सूची में संशोधन करते हुए साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती के अवसर पर 27 दिसंबर 2025 (शनिवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, शासनादेश संख्या 870/तीन-2024-39(2)-2016 दिनांक 17 दिसंबर 2024 के तहत घोषित अवकाशों की सूची के परिशिष्ट-2 में बिंदु (4) के अंतर्गत यह संशोधन किया गया है। अब गुरु गोविंद सिंह जयंती को अवकाश सूची के क्रमांक-3 के रूप में सम्मिलित किया गया है। राजकीय पंचांग के अनुसार यह पर्व पौष मास की षष्ठी तिथि (पौष 06, 1947 शक संवत) तथा विक्रम संवत 2082 के पौष शुक्ल 07 को मनाया जाएगा। इस दिन प्रदेश भर में सभी सरकारी कार्यालय, शिक्षण संस्थान एवं अन्य शासकीय प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। जिलाधिकारी बरेली द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह संशोधन शासन के पूर्व आदेशों के अनुरूप प्रभावी माना जाएगा।

